**हिन्दी प्रादेशिक समाचार**

**आकाशवाणी चंडीगढ़**

**(तिथि 31 जनवरी 2025, समय 1305 (5 मिनट)**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि जनता ने उन्हें तीसरी बार देश की जिम्मेदारी सौंपी है और आगामी बजट इस कार्यकाल का पहला बजट होगा। संसद के बजट सत्र की शुरुआत से पहले मीडिया को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा:-

श्री मोदी ने विश्वास जताया कि वर्ष 2047 में जब भारत अपनी स्वतंत्रता के सौ वर्ष पूरे करेगा, तब देश विकसित भारत के अपने संकल्प को पूरा करेगा। उन्होंने कहा कि बजट देश में ऊर्जा और आकांक्षाओं का संचार करेगा।

श्री मोदी ने कहा कि यह बहुत गर्व की बात है कि भारत ने एक लोकतांत्रिक राष्ट्र के रूप में 75 वर्ष पूरे कर लिए हैं और वैश्विक स्तर पर अपनी पहचान बनाई है। प्रधानमंत्री ने संसद के सभी सदस्यों से देश को विकसित राष्ट्र बनाने में योगदान देने की अपील भी की।

************************************************************

हरियाणा के मुख्यमंत्री  नायब सिंह सैनी ने कल पानीपत में कपड़ा उद्योग के प्रतिनिधियों के साथ बजट पूर्व परामर्श बैठक की।  बैठक में विभिन्न उद्योग संगठनो के 15 प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इस मौके पर उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह उपस्थित रहे।

बैठक के बाद मीडिया से बातचीत में मुख्यमंत्री ने कहा :-

मुख्यमंत्री ने कहा कि उद्यमी अपने सुझाव सरकार द्वारा बनाए गए पोर्टल पर या लिखित रूप से भी दे सकते हैं। उन्होंने कहा कि अब तक प्रदेशभर में विभिन्न

वर्गों के प्रतिनिधियों के साथ आयोजित बजट पूर्व परामर्श में 9 हजार सुझाव प्राप्त हुए हैं।

*************************************************************

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रदेश की आर्थिक उन्नति के लिए औद्योगिक संस्थानों व निवेश को बढ़ावा देने के लिए बजट पूर्व परामर्श बैठकों में मिले सुझावों के आधार पर नीतियों का सरलीकरण किया जाएगा और वें स्वयं हर तीन महीने में उद्यमियों व निवेशकों के हरियाणा उद्यम प्रोत्साहन केंद्र से जुड़े विषयों की समीक्षा करेंगे।मुख्यमंत्री कल फरीदाबाद में वित्त वर्ष 2025-26 के लिए विनिर्माण क्षेत्र से संबंधित हितधारकों के साथ बजट पूर्व परामर्श बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में श्री नायब सिंह सैनी ने प्रतिनिधियों के सुझावों को ध्यानपूर्वक सुना और आगामी बजट में आवश्यक विषयों पर विचार करने का आश्वासन भी दिया।

*************************************************************

हरियाणा के शहरी स्थानीय निकाय मंत्री विपुल गोयल ने निर्माण कार्यों में गुणवत्ता का ध्यान नहीं रखने वाले ठेकेदारों को काली सूची में डालने के निर्देश दिए हैं।स्थानीय निकाय मंत्री ने कल चंडीगढ़ में प्रदेशभर के नगर निकायों के अधिकारियों की बैठक ले रहे थे। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्यों में गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा।बैठक में उद्योग और पर्यावरण मंत्री राव नरवीर सिंह भी मौजूद रहे।श्री गोयल ने विभाग की जमीन का रिकार्ड अपडेट करने का निर्देश दिए और कहा कि यदि किसी ने कहीं कब्जा किया है तो उसे हटवाया जाए। उन्होंने कहा कि सफाई व्यवस्था में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। इसके लिए संसाधनों और बजट की कोई कमी नहीं है। श्री गोयल ने कहा कि जल्दी ही वे स्वयं भी प्रत्येक जिले में जाकर कामों की समीक्षा करेंगे।मंत्री ने शहर और कस्बों में बेसहारा घूमने वाले गोवंश को पकड़कर नजदीक की गौशालाओं में भेजने की हिदायत की और अधिकारियों को इसे गंभीरता से लेने को

कहा।उन्होंने कहा कि बड़े शहरों और कस्बों में बेसहारा गोवंश को पकड़ने के लिए अच्छा काम करने वाले अधिकारियों को पुरस्कृत किया जाएगा और जो अधिकारी काम करने में लापरवाही बरतेंगे उनकी जवाबदेही तय की जाएगी।